amarujala.com

वाराणसी | बुधवार, 24 अप्रैल 2024

कृषि क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाएं युवा

आजमगढ़। देश के विकास में कृषि शिक्षा और अनुसंधान में बढ़ती संभावनाओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कृषि के क्षेत्र में छात्रों की अच्छी शिक्षा, अनुसंधान व दक्षता के लिए राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर पांच कृषि विश्वविद्यालय संचालित हैं। कृषि के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाने के लिए 12वीं उत्तीर्ण छात्र प्रदेश स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं।



डा.रुद्र प्रताप सिंह। कृषि वैज्ञानिक

सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलसचिव प्रो. रामजी सिंह ने बताया कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में छात्रों का प्रवेश यूपी कैटेट के माध्यम से होता है। यूपी कैटेट 2024 की प्रवेश परीक्षा कृषि विश्वविद्यालय मेरठ ही करा रहा है। इसके लिए आवेदन भी लिए जा रहे हैं। जिसकी अंतिम तिथि सात मई है। इंटरमीडिएट विज्ञान या कृषि में उत्तीर्ण छात्र बीएससी (कृषि) अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम जैसे बागवानी, वानिकी, कृषि अभियंत्रण, खाद्य व दुग्ध प्रौद्योगिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान, गृह (सामुदायिक) विज्ञान, मत्स्य विज्ञान व गन्ना प्रौद्योगिकी में प्रवेश ले सकते हैं।

केंद्र कोटवा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान का स्तर अन्य महाविद्यालयों से बेहतर होता है। कृषि विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण करना एक बेहतर विकल्प है।

यहां से शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करके ग्रामीण युवा कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करके न केवल अपना भविष्य बना सकते हैं बल्कि अन्य लोगों को रोजगार के साधन मुहैया करा सकते हैं। संवाद